BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 08 नवम्बर 2023 **थाना अरनिया**

3.039 किग्रा अफीम (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 3 करोड़ रुपये), 01 गाडी व 1,25,000/- रुपये नकद सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 07/08-11-2023 की रात्रि में थाना अरनिया पुलिस स्वाट टीम देहात द्वारा सर्विलांस टीम के सहयोग से एक अभिसूचना के आधार पर दो अभियुक्तों को ग्राम पहावटी को जाने वाले रास्ते से 3.039 किग्रा अफीम व एक गाडी सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अरनिया पर मुअसं-263/23 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- नन्हेलाल पुत्र चुन्नी निवासी ग्राम सल्लननगर थाना बिनावर जनपद बदायूं।

2- सादाब आजाद पुत्र स्व मौ0 अफजल निवासी गालिब कालोनी निकट उमर मस्जिद थाना बालूमोत जनपद लातेहार झारखंड

बरामदगी-

1- 3.039 किग्रा अफीम(अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 03 करोड रुपये)

2- 01 गाडी रिनाल्ट ट्राईबर नं0- UP-24AZ-1622

3- 1,25,000/- रुपये नकद

गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि वे झारखंड से तस्करी कर अफीम को लाते है तथा अलग अलग राज्यो में स्कूल, कॉलेज, ट्रक ड्राईवर व बडे बडे संस्थानो के पास जाकर थोडी थोडी मात्रा में महंगे दामो में बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करते है। इनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी की जा रही हैं।

अभियुक्त नन्हेलाल का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं 100/23 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना रजपुरा जनपद पटियाला पंजाब ।
2. मुअसं 263/23 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

स्वाट टीम देहात

1- श्री दिनेश सिंह प्रभारी स्वाट टीम देहात

2- श्री वरुण शर्मा प्रभारी सर्विलांस

2- है0का0 महेश उपाध्याय, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 निकुंज कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 रोहित कुमार, है0का0 सर्वेन्द्र

थाना अरनिया पुलिस टीम –

1- श्री लोकेश अग्निहोत्री थानाध्यक्ष अरनिया

2 - उ0नि0 पवन मलिक, उ0नि0 अशोक कुमार

3- का0 सुमित कुमार, का0 अंकुश कुमार



मीडिया सेल बुलंदशहर